# विद्यापीठ विश्वविद्यालय का 40वां स्थापना दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** सिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने अपने उद्बोधन की शुरूआत में कहा कि दुनिया भर से मारे, पिटे, भगाये गये लोगो का आसरा कोई बनी तो वह भारत की भूमि है और वहाॅ का मैं प्रतिनिधित्व करता हूॅ। भारत सदैव विश्व कल्याण की भावना ले कर चलता है। हमारे यहाॅ तो मंदिर का पुजारी भी पुजा के बाद बोलता है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्रणियों में सदभावना हो और अंत में बोलते है विश्व का कल्याण हो। भारत हमेशा विश्व कल्याण की बात करता है किसी का विरोधी नहीं हो सकता। वो सही अर्थो में आज का हिन्दुत्व है। विश्व पटल पर भारत को लेकर व्याप्त भ्रांतियों तथा देश की शैक्षिक और वैज्ञानिक प्रगति के प्रति फैली अनभिज्ञता को दूर करने का ऐतिहासिक कार्य स्वामी विवेकानंद ने किया।

उक्त विचार सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक – राजस्थान निंबाराम ने राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के 40वें स्थापना दिवस पर एग्रीकल्चर महाविद्यालय के कृषि भवन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। निम्बाराम ने कहा कि सत्ता के बल पर परिवर्तन नहीं आ सकता, सत्ता अनुकूल रहनी चाहिए प्रतिकुल नही होनी चाहिए। साधक हो बाधक न हो, परिवर्तन समाज बदलने से आयेगा। हर व्यक्ति को समाज में अपनी भूमिका अदा करनी होगी जिसकी शुरूआत आने आप से व अपने घर से करनी होगी। 2027 में विकसित भारत में मेरी क्या भूमिका है इस पर विचार करना होगा। मातृभूमि को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने राष्ट्र प्रेम के साथ तकनीकी और वैज्ञानिक विकास को समावेशी रूप देने का संदेश दिया तथा एक उन्नत, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना प्रस्तुत की। संस्कारों, भारतीय मूल्यों और धर्मयुक्त स्वदेशी विचारों से समृद्ध भारत के निर्माण का उनका यह स्वप्न आज भी अधूरा है, जिसे पूर्ण करने की जिम्मेदारी हम सभी की है।उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना आज की प्रमुख आवश्यकता है। बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु श्रम के प्रति श्रद्धा विकसित करना आवश्यक है। युवाओं में स्वबोध और स्वावलंबन के विचारों का बीजारोपण कर, उन्हें कौशलयुक्त बनाकर ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं , रोजगार देने वाला बनाना होगा। स्वामी विवेकानंद के विचारों का संदर्भ देते हुए निंबाराम ने युवाओं से राष्ट्र प्रतीकों, राष्ट्रीय गणों, महापुरुषों और संविधान के प्रति सम्मान बनाए रखने का आव्हान किया।

कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विचार, मूल्यों, राष्ट्र चिंतन और राष्ट्र प्रेम के भाव पर मनन करने का महत्वपूर्ण दिवस है। यह जनुभाई के चार दशकों की यात्रा पूरी होने का उत्सव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का निर्माण नागरिकों के आचरण से होता है, जिसे 'पंच परिवर्तन' के माध्यम से दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त होता है। पंच परिवर्तन में स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध तथा पारिवारिक संस्कार जैसे मूल तत्व शामिल हैं।प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि राष्ट्र निर्माण बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से प्रारंभ होने वाली एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नागरिक चेतना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चेतन और जागरूक नागरिक ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े परिवर्तन छोटे-छोटे संकल्पों से ही मूर्त रूप में सामने आते हैं। उन्होंने विचारों, भाषा और आचरण में स्वच्छता के साथ-साथ मूल्यों से युक्त सोच की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति ने कहा कि जब तकनीक के साथ मूल्य और विकास के साथ सेवा को जोड़ा जाएगा, तभी हमारे युवा गौरवशाली भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकेंगे।



उदयपुर में राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय का 40वां स्थापना दिवस मनाया गया।

## सार-समाचार

### 'उदगम' विदाई समारोह आयोजित



**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग के द्वारा सोमवार को बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ वर्ष एवं एम.एस.सी. नर्सिंग फाइनल इयर के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह 'उदगम' का आयोजन स्व. श्रीमती नर्मदा देवी अग्रवाल ऑडिटोरियम में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजया अजमेरा, डीन, जी.सी.एस.एन. के द्वारा की गयी। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाये दी। गीतांजलि कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. अलोक रावत ने अतिथियों का स्वागत किया एवं छात्र-छात्राओं को उच्च पद प्राप्त कर गीतांजलि नर्सिंग कॉलेज का नाम रोशन करने को कहा। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश व्यास, वाईस चांसलर, गीतांजलि विश्वविद्यालय, उदयपुर ने छात्र छात्राओं को हॉस्पिटल में नर्सों के महत्त्व के बारे में जानकारी दी । प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, गीतांजली स्कूल ऑफ नर्सिंग ने भविष्य को सुरक्षित करने एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं दी। विजेन्द्र सिंह राठौड, नर्सिंग अधीक्षक, जी.एम.सी.एच. ने सभी स्नातक छात्र-छात्राओं को कॉलेज में अर्जित किये गए ज्ञान को पूर्ण रूप से मरीजों की देखभाल में लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यत्रक्रम प्रस्तुत किये। तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार एवं शैक्षिक एवं खेलकूद में उपलब्धियों के प्रमाणपत्र प्रदान किये गए। स्नातक विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन काल की मधुर यादें ताजाकी।

### राष्ट्रीय युवा दौड़ का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** साईं तिरुपति विश्वविद्यालय, उमरडा में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा दौड: स्वदेशी कार्यक्रम का एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त एनएसएस स्वयंसेवकों ने अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, विचारों एवं स्वदेशी भावना को अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. सुरेश गोयल, दिलीप कुमार एवं जे. पी. त्यागी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन किया।इस आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त एनएसएस स्वयंसेवक, अन्य स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण तथा विश्वविद्यालय के सभी अकादमिक एवं नॉन-अकादमिक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

### कार्यपालक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**मंडफिया, (निसं)।** श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया कर्मचारी संघ (स्थाई) ने मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम को ज्ञापन सौंप कर अपनी पांच सूत्रीय मांगों का निराकरण करने की मांग की। स्थाई कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2010 के बाद आज दिनांक तक नियमित कर्मचारियों की पदोन्नित नहीं हुई है तथा विगत सालों से डीपीसी का गठन किया जाता रहा है किंतु इसकी क्रियान्विति नहीं हुई है अत: योग्यता एवं मापदंड के अनुसार रिक्त चल रहे उच्च पदों पर पदोन्नित दी जावे, श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया में रिक्त चल रहे पदों को भरा जावे ताकि मंदिर मंडल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपादित किया जा सके एवं मंदिर मंडल में संविदा पर कार्यरत कार्मिको को रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियों का अवसर दिया जाए, नियमित कर्मचारियों को 9,16 एवं 27 का सेवा लाभ दिया जावे, संविदा पर कार्यरत कार्मिकों को योग्यता अनुसार मानदेय दिया जाए, लंबे समय से एक ही जगह कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए ताकि मंदिर व्यवस्था में सुधार हो सके।

### स्वदेशी पर वार्ता व संकल्प रैली निकाली

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक विश्वविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में स्वदेशी पर एक वार्ता एवं स्वदेशी संकल्प रैली का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निम्बाराम (प्रांत प्रचारक आरएसएस राजस्थान) थे एवं विशिष्ट अतिथि प्रो बी.पी. शर्मा (ग्रुप प्रेसिडेंट पाहेर यूनिवर्सिटी ) एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो हेमंत कोठारी (वाइस चांसलर पाहेर यूनिवर्सिटी) ने की। मुख्य अतिथि निम्बाराम ने स्वदेशी अपनाओ: आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम के साथ स्वदेशी उत्पाद अपनाने हेतु कहा साथ ही सभी को प्रेरित किया कि हमें भारत द्वारा निर्मित उत्पाद खरीदने चाहिए उन्होंने कहा कि देश में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की मुहिम एक बार फिर गति पकड रही है। सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा लोगों से स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों के उपयोग की अपील की जा रही है। स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि छोटे उद्योगों, कारीगरों और स्थानीय व्यापारियों को भी नया जीवन मिलता है। 'स्वदेशी अपनाओ' का संदेश आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो रोजगार सृजन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वाभिमान को भी सशक्त करता है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक ली

**कपासन, (निसं)।** गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर उपखंड विभागों के अधिकारी की बैठक एसडीएम राजेश सुवालाका के निर्देश में तहसीदार नासिर बैग मिर्जा के सानिध्य में उपखंड विभाग कार्यालय में आयोजित हुआ। बैठक में सम्बन्धित विभागों को इस कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारी दिया गया। सोमवार को एसडीएम कार्यालय कपासन में तहसीलदार नासिर बैग मिर्जा के सानिध्य में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास मनाने जाने से पूर्व उपखंड विभागो के अधिकारी की बैठक आयोजित हुआ। बैठक में नगरपालिका विभाग को साफ सफाई, पेयजल, कुर्सी टेबूल, टेंट मिठाई ,पारितोषिक सहित आदि की जिम्मेदारी दिया गया साथ ही बिजली को लाईट व्यवस्था , चिकित्सा विभाग कार्यालय को समुचित दवाई व्यवस्था , पुलिस थाना कपासन को पंडित दीनदयाल स्टेडियम कपासन में आयोजित कार्यक्रम को लेकर एक दिन पूर्व से कानून व्यवस्था बनाते हुए स्टेडियम सावधानी सटरक रखते हुए अपने कब्जे में रखने।, पीडब्ल्यूडी विभाग को स्टेडियम में सडक , खड्डा आदि व्यवस्था सही करने, ब्लाक शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय ध्वज लगाना, पीटी परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम पारितोषिक दिलवाले , छात्र-छात्राओं को व्यवस्थित रखना सहित आदि व्यवस्था की जिम्मेदारी दिया गया। आयोजित बैठक मे नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ॒ललित सिंह देथा बिजली विभाग जेयन मनिष कावत, ब्लाक शिक्षा अधिकारी गोपाल शर्मा, ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार शर्मा, पालिका वरिष्ठ लिपिक रामप्रसादगायरी , जलदाय विभाग जेयन लोकेंद्र सिंह,सूचना विभाग डिप्टी टांक , उर्मिला शर्मा, सहित पंचायत समिति, महिला विकास विभाग सहित आदि विभागों के प्रतिनिधि सहित आदि मोजूद थे।

### श्री चारभुजा नाथ जी के दर्शन किए

**राजसमंद, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार शाम कुंभलगढ़ उपखंड के ग्राम चारभुजा-गढ़बोर स्थित प्रभु श्री चारभुजा नाथ जी मंदिर पहुँच कर दर्शन किये। दर्शन उपरांत मंदिर पदाधिकारियों ने परंपरा अनुसार डॉ बैरवा का अभिनंदन किया।

### मंजू गुर्जर बनी प्रदेश सचिव

**राजसमन्द, (निसं)।** राजस्थान कांग्रेस कमेटी (अन्य पिछड़ा वर्ग) में संगठन विस्तार के तहत चारभुजा निवासी मंजू गुर्जर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जयहिंद के निर्देशानुसार मंजू गुर्जर को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

## दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** डबोक थाना पुलिस ने केबिन में आगजनी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार प्रकाश पुरोहित निवासी अनोपपुरा ने प्रकरण दर्ज करवाया। कि गांव में मेरी चारागाह भूमि है। सरपंच चिमनलाल के कहने पर जमीन की चौकीदारी करता हू तथा प्रतिमाह मुझे सात हजार रूपया देता है। आज में तीन माह से बाकी पेमेंट लेने गया तो मेरे साथ मारपीट की तथा चेन छीन ली। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर गठित दल ने कार्यवाही करते हुए भरत पुत्र मोहनलाल निवासी राजकी का गुडा डबोक तुलसीराम पुत्र वीरमा निवासी राजयी का गुडा डबोक को गिरफ्तार किया।

## अवैध खनन गतिविधियों पर कसा शिकंजा

**उदयपुर, (कासं)।** अरावली पर्वतमाला के संरक्षण एवं अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार उदयपुर जिले में विशेष संयुक्त अभियान पूरी सख्ती के साथ संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 29 दिसंबर से अब तक जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में गठित संयुक्त निरीक्षण दलों द्वारा जिलेभर में व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई है।

खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में अवैध खनन के 10 प्रकरण, अवैध भंडारण का 1 प्रकरण तथा अवैध निर्गमन के 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 8 खनन पट्टों का ड्रोन सर्वे कराया गया है। दो मेसोनरी स्टोन खनन पट्टों में स्वीकृत सीमा से बाहर खनन पाए जाने पर पंचनामा तैयार कर संबंधित पट्टाधारकों को सुनवाई का अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा अब तक लगभग तीन करोड़ रुपये की शास्ति आरोपित की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि अरावली क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अलवर, जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर सहित कुल 20 अरावली विस्तार जिलों में 29 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक संयुक्त विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी ऋम में जिला कलक्टर नमित मेहता ने खान, वन, पर्यावरण, राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जीरो टोलरेंस नीति के साथ कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए थे। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए उपखण्ड स्तर पर संयुक्त टीमों के गठन, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी, अवैध गतिविधियों में संलिप्त मशीनरी एवं वाहनों की त्वरित जब्ती, ड्रोन सर्वेक्षण के उपयोग, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा विभिन्न विभागों द्वारा समानांतर कठोर कानूनी कार्रवाई की गई।

साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में कुछ खनन पट्टों में उत्पादन में अत्यधिक अंतर पाए जाने पर कुल 9 खनन पट्टों को चिन्हित करते हुए वास्तविक स्थिति की पुष्टि हेतु आरएसएमईटी के माध्यम से ड्रोन सर्वे कर वॉल्यूमेट्रिक गणना कराई गई।

## माही टॉक फेस्ट 4.0 के पोस्टर का विमोचन किया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्याल एवं विश्व संवाद केंद्र उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले साहित्य, संवाद एवं कला के उत्सव माही टॉक फेस्ट 4.0-एकात्म भारत के पोस्टर का विमोचन कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने किया।

प्रो. ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वागड़ अंचल के युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि माही टॉक फेस्ट क्षेत्र की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक विरासत को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने का सशक्त माध्यम बनेगा और युवाओं को संवाद व सृजन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव 23 से 25 जनवरी तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन अवसर पर माही टॉक फेस्ट की कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सुनील खटीक, रूचि श्रीमाली, आशीष उपाध्याय, रणधीर व्यास एवं देवांश गोस्वामी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विवि की ओर से उप कुलसचिव प्रो. राजेश जोशी, अकादमिक प्रभारी प्रो. शफकत राणा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव, निदेशक शोध प्रो. नरेन्द्र पानेरी, सम्बद्धता प्रभारी डॉ. राकेश डामोर तथा सहायक कुलसचिव डॉ. लोकेन्द्र कुमार मौजूद रहे और आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय सहभागिता को आश्वस्त किया। कोर कमेटी के डॉ. सुनील ने बताया कि माही टॉक फेस्ट 4.0 के अंतर्गत विविध प्रदर्शनियां, साहित्यिक चर्चा सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रदर्शनियों में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास एवं अन्य प्रकाशकों द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी, संविधान पर आधारित चित्र प्रदर्शनी, जनजातीय नायकों तथा विभाजन की विभीषिका पर केंद्रित प्रदर्शनियां शामिल हैं। साहित्यिक चर्चा सत्रों में लोक साहित्य में एकात्म, आकाशवाणी व साहित्य, आनंद मठ वंदे मातरम् के 150 वर्ष तथा राष्ट्र साधना की शताब्दी जैसे विषयों पर विमर्श होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वीरबाला काली बाई पर कठपुतली प्रदर्शन, मीरा बाई पर म्यूजिकल स्टोरी, रानी अबक्का पर नाट्यय मंचन, बावरी साधना का मंचन एवं मल्लखंभ का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## कर्तव्य बोध पखवाड़ा शुरू

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष शंकर लाल कटारा व जिला मंत्री सुदर्शन सिंह चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रेरणा से डूंगरपुर में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारी ने प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ऋषिन चौबीसा के आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कर्तव्य बोध पखवाड़े का शुभारंभ किया।

डूंगरपुर जिले की सभी 10 उपशाखाओ में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती के मध्य कर्तव्य बोध दिवस मनाया जाएगा।

संगठन प्रत्येक वर्ष अपने कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रबोधन व कर्तव्य के प्रति जागरूकता की दृष्टि से कर्तव्य बोध पखवाड़ा का आयोजन करता है।

## वी.बी.जीराम जी से बदलेगी ग्रामीण भारत की तकदीर : डॉ प्रेमचंद बैरवा

■ उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने चारभुजा-गढ़बोर में रात्रि चौपाल को किया संबोधित

**राजसमंद, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार शाम कुंभलगढ़ उपखंड के ठााम चारभुजा-गढ़बोर में आयोजित रात्रि चौपाल को संबोधित करते हुए विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ठाामीण) अधिनियम 2025, जिसे संक्षेप में वी.बी.जी. राम जी कहा जा रहा है, के नवीन प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति कर रहा है और आज का भारत नया भारत बन चुका है।

इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम साक्षी पूरी आदि मंच पर मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर चुका है। वर्ष 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ठाामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम लागू किया गया था। उस समय ठाामीण भारत की आवश्यकताएँ अलग थीं। योजना की अवधारणा सही हो सकती थी, लेकिन इसके क्रियान्वयन में व्यापक स्तर पर अनियमितताएँ और भ्रष्टाचार देखने को मिला। फर्जी नामों से मस्टररोल भरकर भुगतान उठाया गया और गरीबों के नाम पर आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। बदली हुई परिस्थितियों में इस कानून को नए स्वरूप में ढालना आवश्यक हो गया था।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि देश और गांवों की बदली हुई सामाजिक-आर्थिक स्थिति को देखते हुए मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 लागू किया गया है। यह केवल एक नया कानून नहीं, बल्कि ठाामीण भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को इस योजना का नाम भी स्वीकार नहीं हो पा रहा है, जबकि राम नाम देश की आत्मा और संस्कृति में रचा-बसा है।

इस अवसर पर कुंभलगढ़ विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों को नवीन पंचायत समिति की बधाई दी और कहा कि भविष्य में चारभुजा क्षेत्र में और अधिक गति से विकास सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण आजीविका विविध हो चुकी हैं। किसान अपने मोबाइल पर ही देशभर के बाज़ारों की मांग और आपूर्ति की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। श्रमिक और कामगार भी मोबाइल के माध्यम से रोज़गार तलाश रहे हैं। मनरेगा की पुरानी संरचना आज के गांवों की वास्तविकताओं से मेल नहीं खा रही थी, इसी कारण नए कानून की आवश्यकता महसूस की गई।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 को केंद्रीय ठाामीण विकास मंत्री द्वारा लोकसभा में वी.बी.जी. राम जी विधेयक प्रस्तुत किया गया और 21 दिसंबर 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के साथ यह कानून बन गया।

इस अधिनियम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि प्रत्येक ठाामीण परिवार को प्रति वर्ष न्यूनतम 125 दिनों के मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी दी गई है, जबकि पहले यह सीमा 100 दिन थी। इसमें 25 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है, जिससे ठाामीण परिवारों की आय बढ़ेगी और उन्हें रोज़गार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। राजस्थान जैसे कृषि प्रधान राज्य के लिए यह प्रावधान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।अधिनियम के तहत राज्यों को यह अधिकार दिया गया है कि फसल की बुवाई और कटाई के समय अधिकतम 60 दिनों तक योजना में अस्थायी विराम किया जा सके। इससे खेतों में श्रमिकों की उपलब्धता बनी रहेगी और 125 दिनों का रोज़गार अधिकार भी सुरक्षित रहेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों को साप्ताहिक आधार पर या किसी भी स्थिति में 15 दिनों के भीतर मज़दूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। यदि भुगतान में देरी होती है तो श्रमिक को मुआवज़ा देना अनिवार्य होगा। यह प्रावधान श्रमिक की गरिमा और अधिकारों की सुरक्षा करता है।वी.बी.जी. राम जी के तहत गांवों में जल सुरक्षा, जल संरक्षण, सड़क निर्माण और जलवायु परिवर्तन से बचाव से जुड़े स्थायी विकास कार्य किए जा सकेंगे। इन कार्यों का प्रस्ताव और निर्धारण गांव स्तर पर होगा, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन संभव होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून पंचायतों के अधिकार कम नहीं करता, बल्कि उन्हें और सशक्त बनाता है। योजना निर्माण की प्रक्रिया ग्राम पंचायत से शुरू होगी।

## हमले में व्यक्ति घायल

**उदयपुर,(कासं)।** कार में सवार बदमाशों ने तलवार लठ्ठ से हमला कर व्यक्ति को घायल कर फरार हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखेर थाना क्षैत्र सरे गांव रोड़ पर 10 जनवरी रात में कार में बैठ कर आए चंदनसिंह भाटी पुत्र डूंगरसिंह भाटी निवासी सरे, विरेन्द्रसिंह, जीतु तथा रितिक ने तलवार व लठ्ठ से चाय का केबिन लगाने वाले सरे निवासी नारायणसिंह भाटी पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गए।

## आदर्श नगर लिंक रोड मार्ग रहा बाधित

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर लिंक रोड मार्ग पर पशुचिकित्सक विभाग के परिसर में स्थित एक बड़ा पेड़ सोमवार को दोपहर में अचानक धाराशाही हो गया जिससे एक कार व नगर परिषद का कचरा संठाह वाहन क्षितठास्त हो गया। आवागमन का मुख्य मार्ग होने से कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।

घटनाक्रम के अनुसार लिंक रोड पर रोजाना की भाती आवागमन संचालित था इसी दौरान दोपहर दो बजे के लगभग सरकारी भूमि पर स्थित एक पद अचानक जड सहित परकोटे को तोड़ता हुआ धाराशाही हो गया। जिससे वहां खड़ी कमलेश पांचाल की एक कार व सामने खड़ा नगर परिषद का वाहन झोंकी लंबे समय से उसी स्थान पर खड़ा हुआ है क्षतिग्रस्त हो गए।

कमलेश पंचाल की कार का लगभग 3 लाख का नुकसान हुआ लेकिन मार्ग पर कोई दुपहिया वाहन धारी या राहगीर उसकी चपटे मे नहीं आए जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।


**Name Changed**

I have changed my name from Hasina to Hasina Badsha. 110 Raza Colony, Mullatalai, Udaipur

**Name Changed**

I have changed my name from Abdul Fazal to Abdul Fazal Badsha. 110 Raza Colony, Mullatalai, Udaipur

**नाम परिवर्तन**

मैं जितेन्द्र सोनी (Jitendra Soni) S/O शान्तीलाल जी सोनी निवासी महावीरपुरा नाथद्वारा तह. नाथद्वारा जिला राजसमंद (राज.) अपना नाम बदलकर जितेन्द्र कुमार सोनी (Jitendra Kumar Soni) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।


प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

सं. **लोक सूचना** दिनांक:

श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री रतनलाल माली निवासी आमली हाल निवासी कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात् -

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजसमंद | कांकरोली | 302/1 | रकबा 0.0142 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ........... को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगरपरिषद,राजसमन्द

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी ( अधिशाषी अधिकारी )**
**नगरपालिका, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.क./रूपान्तरण/2025-26/4619/2026 दिनांक: 08.01.2026

**-: लोक सूचना :-**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि को निम्न खातेदारों/स्वामियों द्वारा गैर-कृषिक प्रयोजन (व्यवसायिक प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| नाम आवेदक व खातेदार | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षैत्रफल एवं प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती प्रियंका बारेगामा पत्नि विनोद कुमार बारेगामा निवासी कपासन<br>2. श्रीमती सरोज देवी पत्नि प्रमोद कुमार बारेगामा निवासी कपासन | जिला-चित्तौड़गढ़ तहसील-कपासन | कपासन | आ.नं. 7631/6986 रकबा 0.3644 हैक्टे. | 39209.44 वर्गफीट, यानि 3644 वर्गमीटर, व्यवसायिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिनके भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ...../...../2026 को जारी की गई। प्राधिकृत अधिकारी ( अधिशाषी अधिकारी ) नगरपालिका, कपासन

**कार्यालय पंचायत समिति**
**लसाड़िया जिला सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक: 987 दिनांक:12.01.26

-: ई-निविदा सूचना- /2025-26:-

पंचायत समिति लसाड़िया में महानरेगा योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यों हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 22.1.26 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No 1. ZUD2526GLRC03935

विकास अधिकारी
पंचायत समिति लसाड़िया

Email-tehsildarrbt@gmail.com

**कार्यालय तहसीलदार, रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक:राजस्व/कोर्ट/2026/25 दिनांक: 12.1.2026

**- उजरदारी ( आपत्ति नोटिस ) -**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दुर्गालाल पिता स्व. श्री शिवलाल, जाति भाटा, निवासी आवंलहेड़ा, तहसील बस्सी, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा न्यायालय तहसीलदार, रावतभाटा में प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 135 (2) राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया गया है।

प्रार्थना पत्र में निवेदन किया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. श्री शिवलाल, जाति भाट, निवासी आंवलहेड़ा, तहसील बस्सी के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि को वारिसान अनुसार प्रार्थी/आवेदक के नाम खाते में दर्ज किया जाए। यह कि स्व. श्री शिवलाल पिता नन्दा (उर्फ नंदकिशोर) के नाम ग्राम टाकरदा, पटवार हल्का तम्बोलिया, तहसील रावतभाटा में निम्नानुसार भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है- खसरा संख्या 591, रकबा 0.39 हेक्टेयर, खसरा संख्या 176, रकबा 0.18 हेक्टेयर, खसरा संख्या 177, रकबा 0.34 हेक्टेयर, खसरा संख्या 178, रकबा 0.32 हेक्टेयर, खसरा संख्या 597, रकबा 0.14 हेक्टेयर, कुल किता 5, कुल रकबा 1.37 हैक्टेयर, खाता शिवलाल पिता नन्दा, हिस्सा 1/8 यह कि प्रार्थी के पिता स्व. श्री शिवलाल का निधन दिनांक 26.03.2023 को हो चुका है तथा माता श्रीमती देउ बाई का निधन दिनांक 31.10.2023 को हो चुका है।

पटवार हल्का तम्बोलिया, तहसील रावतभाटा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया है कि स्व. शिवलाल की तीन पत्नियां होना ज्ञात हुआ। प्रथम पत्नी के वारिसान के संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। द्वितीय पत्नी से नाता प्रथा विवाह हुआ था, जिनसे एक पुत्र दुर्गेश होना बताया गया, अन्य किसी वारिस की जानकारी नहीं दी गई। तृतीय पत्नी श्रीमती देउ बाई के साथ स्व. शिवलाल ग्राम टाकरदा में निवारसत थे तथा उनसे कोई विधिक जीवित संतान नहीं होना बताया गया है।

वास्तविक वारिसान की जांच हेतु पटवार हल्का आंवलहेड़ा, तहसील बस्सी से रिपोर्ट प्राप्त की गई। पटवार हल्का आंवलहेडा की रिपोर्ट तहसीलदार बस्सी के पत्र क्रमांक भू.अ./2025/1639 दिनांक 10.12.2025 द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुई। उक्त रिपोर्ट में बताया गया है कि स्व. शिवलाल राव पिता नन्दा उर्फ नंदकिशोर ग्राम आंवलहेड़ा के निवासी नहीं थे, वे ग्राम टाकरदा, तहसील रावतभाटा में निवासरत थे। ग्राम आंवलहेड़ा में किसी को यह जानकारी नहीं है कि प्रार्थी दुर्गालाल के कितने भाई-बहन है। रिपोर्ट अनुसार स्व. शिवलाल एवं उनकी पत्नी (द्वितीय पत्नी) श्रीमती देउ बाई का निधन हो चुका है तथा उनका केवल एक ही पुत्र दुर्गालाल है। इसके अतिरिक्त कोई अन्य वारिसान नहीं है। दुर्गालाल की माता श्रीमती बाली बाई बताई गई है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई उजरदारी/आपत्ति हो, तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सात (7) दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई उजरदारी/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में, प्रकरण में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार निर्णय पारित कर दिया जाएगा। यह नोटिस आज दिनांक 12.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मोहर से जारी किया गया।

तहसीलदार,रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़